आकाशवाणी, गोरखपुर

दिनांक–26 मार्च 2026 **सान्ध्य समाचार**

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को एक बार फिर विश्व के सबसे लोकप्रिय नेता के रूप में स्थान दिया गया है। अमरीकी डेटा एनालिटिक्स फर्म मॉर्निंग कंसल्ट द्वारा किए गए नवीनतम वैश्विक सर्वेक्षण में उन्हें 68 प्रतिशत अनुमोदन रेटिंग प्राप्त हुई है। दो से आठ मार्च के बीच किए गए इस सर्वेक्षण में प्रधानमंत्री मोदी अन्य वैश्विक नेताओं से काफी आगे हैं। स्विट्जरलैंड के राष्ट्रपति गाय परमेलिन और दक्षिण कोरिया के राष्ट्रपति ली जे–म्यंग दूसरे स्थान पर हैं, दोनों को 62 प्रतिशत अनुमोदन रेटिंग मिली है। अमरीका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प को 39 प्रतिशत अनुमोदन रेटिंग मिली और वे शीर्ष दस में शामिल नहीं हो सके।

****

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने आज गोरखपुर के गीडा में सॉफ्टवेयर टेक्नोलॉजी पार्क्स ऑफ इण्डिया–एसटीपीआई के सेंटर का लोकार्पण किया। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि टेक्नोलॉजी विकास की रफ्तार को कई गुना बढ़ा सकती है और हमारी गति को प्रगति में बदल सकती है। श्री योगी ने कहा कि डबल इंजन की सरकार ने स्केल को स्किल में बदलने का कार्य किया है। उन्होंने कहा कि एसटीपीआई का गोरखपुर सेंटर पूरे पूर्वी उत्तर प्रदेश के युवाओं के सपनों को नई उड़ान देगा। श्री योगी ने कहा कि गीडा में निरंतर आ रहे निवेश से हजारों की संख्या में पूर्वी उत्तर प्रदेश के नौजवानों को रोजगार मिल रहा है।

एक समय था कि गीडा में कुल दो उ़द्योग लगे थे। उन उद्योगों में केवल 29 से 30 करोड़ रूपये की पूंजी लगती थी और पिछले नौ वर्ष में यहां लगभग साढ़े तीन सौ से अधिक उद्योग लगे हैं। 15 हजार करोड़ रूपये से अधिक निवेश हुआ है। पचास हजार से अधिक पूर्वी उत्तर प्रदेश के नवजवानो के लिए नौकरी और रोजगार की संभावना अकेले गीडा ने विकसित किया है।

****

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने आज राज्य की जनता को आश्वासन दिया कि खाना पकाने के गैस सिलेंडर के लिए एजेंसी के बाहर कतार में खड़े होने की कोई आवश्यकता नहीं है, बल्कि निर्धारित समय पर बुकिंग करें और सिलेंडर आपके घर पहुंच जाएगा। गोरखपुर में आज एक कार्यक्रम में बोलते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि इसी प्रकार, पेट्रोल और डीजल तभी खरीदें जब आवश्यक हो और पेट्रोल पंपों पर लंबी कतारें लगाने की कोई जरूरत नहीं है। कुछ लोग अफवाहें फैलाकर माहौल खराब करने और अराजकता पैदा करने की कोशिश कर रहे हैं, राज्य के लोगों को इन अफवाहों पर ध्यान नहीं देना चाहिए। मुख्यमंत्री ने कहा कि उनकी सरकार ने सभी जिला प्रशासन अधिकारियों को निर्देश जारी कर दिए हैं और गैस सिलेंडरों की होम डिलीवरी पहले की तरह जारी रहेगी।

****

चैत्र नवरात्र के आठवें दिन आज प्रदेश भर में मां दुर्गा के आठवें स्वरूप मां महागौरी की पूजा अर्चना की जा रही है। मिर्जापुर के मॉ विंध्यवासिनी मंदिर में ब्रह्ममुहूर्त से ही श्रद्धालुओं की लम्बी कतार लगी हुयी है।

प्रसिद्ध शक्तिपीठ विंध्याचल मे चैत्र नवरात्र मेले में आज महाअष्टमी तिथि पर देवी भगवती के महा गौरी स्वरूप के दर्शन पूजा करने के लिए आस्था का सैलाब उमड़ रहा है। मंगला आरती से पहले मंदिर जाने वाली सभी चारों गलियां आस्थावानों से भर गईं थीं। गंगा स्नान कर भक्त हाथ में लाल चुनरी, नारियल, माला फूल लिए लाइन में लगे हुए हैं। चारों ओर जय माता दी के जयकारे की आवाज गूंज रही है। एस एम सबा आकाशवाणी समाचार विन्ध्याचल।

इसी तरह बलरामपुर में मॉ पाटेश्वरी देवी शक्तिपीठ, वाराणसी के बागेश्वरी माता मंदिर, महराजगंज के लेहड़ा माता मंदिर और गोरखपुर के तरकुलहा माता मंदिर और बुढ़िया माता मंदिर में दर्शन–पूजन के लिए सुबह से ही बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं के आने–जाने का सिलसिला जारी है।

****

रामनवमी पर्व को लेकर अयोध्या में तैयारियां पूरी कर ली गयी है। भव्य आयोजन को देखते हुए सुरक्षा के कड़े इंतजाम किये गये हैं। एक रिपोर्ट–

कल रामनवमी के पावन अवसर पर श्री राम जन्मभूमि मंदिर में भव्य आयोजन की सभी तैयारियां पूरी हो चुकी हैं, सुबह 6 बजकर 30 मिनट से विशेष अनुष्ठान शुरू होंगे और दोपहर ठीक 12 बजे भगवान रामलला का जन्मोत्सव मनाया जाएगा, इस दौरान "सूर्य तिलक" का दिव्य दृश्य देखने को मिलेगा जब सूर्य की किरणें सीधे रामलला के ललाट पर पड़ेंगी और इसका प्रसारण अयोध्या के कई स्थानों पर एलईडी स्क्रीन पर भी किया जाएगा, भगवान को 56 भोग अर्पित किए जाएंगे और मंदिर परिसर में बधाई गान व फूल बंगला झांकी श्रद्धालुओं को आकर्षित करेंगी, श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए विशेष इंतजाम किए गए हैं और शाम होते ही पूरा मंदिर परिसर भव्य रोशनी से जगमगा उठेगा। तन्मय सोनी, आकाशवाणी समाचार, अयोध्या।

****

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी इस शनिवार को प्रदेश के जेवर में नोएडा अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे के पहले चरण का उद्घाटन करेंगे। इसे लगभग 11 हजार दो सौ करोड़ रुपये की लागत से विकसित किया गया है। यह हवाई अड्डा, देश की सबसे बड़ी ग्रीनफील्ड हवाई अड्डा परियोजनाओं में से एक है और उन्नत कार्गो प्रणाली से सुसज्जित है।

****